NSW Health

मीज़ल्स (खसरा), मंप्स (कण्ठमाला) और रूबेला (MMR) टीका (वैक्सीन)

अभिभावक सूचना पत्रक

ऑस्ट्रेलियाई सरकार राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम (नेशनल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम, NIP) के तहत कुछ टीके नि:शुल्क उपलब्ध कराती है।

प्रश्न. मीज़ल्स (खसरा), मंप्स (कण्ठमाला) और रूबेला क्या हैं?

मीज़ल्स (खसरा) एक अत्यधिक संक्रामक वायरस है जिससे बुखार, खांसी और दाने (रैश) होते हैं। इससे निमोनिया, मस्तिष्क की सूजन और स्थायी तौर पर मस्तिष्क की क्षति होने जैसी गंभीर जटिलताएँ हो सकती हैं। मीज़ल्स (खसरा) का प्राणघातक होना दुर्लभ ही होता है।

मंप्स (कण्ठमाला) एक संक्रामक वायरल संक्रमण है जिससे गर्दन की ग्रंथियों में सूजन और बुखार होता है। लगभग 10% मामलों में, इससे मस्तिष्क की सूजन हो सकती है। तरूण अवस्था को पार कर चुके 15-30% पुरुषों में, यह वृषण (टेस्टीज़) में सूजन और दर्द का कारण हो सकता है। प्रारंभिक गर्भावस्था के दौरान संक्रमण गर्भपात का कारण बन सकता है।

रूबेला (जर्मन मीज़ल्स) एक वायरस है जिससे दाने (रैश), बुखार और ग्रंथियों में सूजन होती है। यदि गर्भवती महिला को रूबेला हो जाता है, तो उसके शिशु में गंभीर जन्म दोष विकसित हो स्काते हैं, जैसे कि सुनने की शक्ति का खो जाना, अंधापन, बौद्धिक विकलांगता या हृदय की समस्याएँ।

प्रश्न. मीज़ल्स (खसरा), मंप्स (कण्ठमाला) और रूबेला कैसे फैलता है?

ये वायरस खांसी और छींक से फैलते हैं। मीज़ल्स (खसरा) विशेष रूप से संक्रामक होता है। संक्रमित व्यक्ति जिस कमरे में रहता है, उसी कमरे में किसी दूसरे व्यक्ति के होने से यह वायरस उसमें फैल सकता है।

प्रश्न. टीके (वैक्सीन) कैसे काम करते हैं?

टीके प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्युन सिस्टम) को संक्रमणों से लड़ने में मदद करते हैं। यदि वह व्यक्ति जिसे टीका लगा हो, वायरस के संपर्क में आता है, तो उनका शरीर बीमारी से बेहतर तरीके से लड़ सकता है या इसे कम गंभीर बना सकता है।

प्रश्न. MMR वैक्सीन कितनी प्रभावी है?

MMR वैक्सीन मीज़ल्स (खसरा), मंप्स (कण्ठमाला) और रूबेला से सुरक्षा देने के लिए बहुत प्रभावी है।

प्रश्न. कितनी खुराकों (डोज़) की जरूरत होती है?

MMR वैक्सीन की दो खुराकें बशर्ते कि उन्हें पहले ही दो खुराकें प्राप्त न हो चुकी हों।

प्रश्न. टीका किसे नहीं लगवाना चाहिए?

उन लोगों को MMR का टीका न लगाएँ:

- **जिन्हें पिछली खुराक या टीके के किसी घटक से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया (एनाफिलेक्सिस) हुई हो**
- **जो गर्भवती हों (टीकाकरण के बाद 28 दिनों तक गर्भावस्था धारण करने से भी बचना चाहिए)**
- **जिन्हें पिछले 4 सप्ताहों में एक जीवित टीका (जैसे, चिकनपॉक्स, BCG, या यैलो फीवर) लगा हो**
- **जिन्होंने पिछले एक साल में रक्त आधान कराया हो या इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन लगा हो**
- **जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो, इनमें शामिल हैं:**
  - HIV/AIDS से ग्रस्त लोग
  - मौखिक (ओरल) कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स की उच्च खुराक का सेवन करने वाले लोग
  - स्ट्रांग इम्यूनोसप्रेसिव (प्रतिरक्षादमनकारी) उपचार, रेडिएशन (विकिरण), या एक्स-रे थेरेपी करवाने वाले लोग
  - लिम्फोमा, ल्यूकेमिया या हॉजकिन्स रोग जैसे कुछ विशिष्ट कैंसर से ग्रस्त लोग।

प्रश्न. MMR के टीके (वैक्सीन) में क्या होता है?

वैक्सीन में लैक्टोज, नियोमाइसिन, सोर्बिटोल और मैनिटोल की थोड़ी मात्राएँ होती हैं। ये तत्व टीके (वैक्सीन) को काम करने या इसे संरक्षित करने में मदद करते हैं।

प्रश्न. टीके कितने सुरक्षित हैं?

ऑस्ट्रेलिया में टीके बहुत सुरक्षित हैं। चिकित्सीय माल प्रशासन (Therapeutic Goods Administration, TGA) द्वारा अनुमोदन किए जाने से पहले उन्हें कड़ी जांच से गुजरना पड़ता है। TGA उपयोग के बाद भी वैक्सीन सुरक्षा की निगरानी करता है।

प्रश्न. MMR टीके (वैक्सीन) के दुष्प्रभाव (साइड इफेक्ट्स) क्या हैं?

MMR टीका सुरक्षित है और यह आसानी से सहन हो जाता है। आम दुष्प्रभाव हल्के होते हैं और इनमें निम्नलिखित लक्षण शामिल हो सकते हैं:

- **अस्वस्थ महसूस करना**
- **बुखार**
- **गैर-संक्रामक दाने (रैश) (टीकाकरण के 5-12 दिन बाद दिखाई दे सकते हैं)।**

दुर्लभ दुष्प्रभावों में शामिल हो सकते हैं:

- **लिम्फ नोड्स में अस्थायी सूजन**
- **जोड़ों का दर्द**
- **चोट लगने या रक्तस्राव का अधिक खतरा।**

एनाफिलेक्सिस जैसे गंभीर दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ हैं।

और अधिक जानकारी के लिए, health.nsw.gov.au/schoolvaccination पर उपभोक्ता दवा जानकारी (Consumer Medicine Information, CMI) देखें। यदि आप दुष्प्रभावों के बारे में चिंतित हैं, तो अपने जीपी (सामान्य डॉक्टर) से संपर्क करें।

प्रश्न. एनाफिलेक्सिस क्या है?

एनाफिलेक्सिस एक बहुत ही दुर्लभ लेकिन गंभीर एलर्जी संबंधी प्रतिक्रिया है। अगर जल्दी इसका इलाज न किया जाए तो यह बेहोशी या मृत्यु का कारण बन सकती है। टीकाकरण प्रदाता एनाफिलेक्सिस का प्रबंधन करने में प्रशिक्षित होते हैं।